Speaker, on behalf of the House, congratulated Shri Swapnil Kusale on winning Bronze Medal in Paris Olympics

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, दिनांक 1 अगस्त, 2024 को श्री स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 50 मीटर पुरुष राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत का तीसरा कांस्य पदक है।

श्री कुसाले की यह उत्कृष्ट उपलब्धि राष्ट्रीय गौरव का विषय है। मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से श्री स्वप्निल कुसाले जी को हार्दिक बधाई देता हूं तथा ओलंपिक में भाग ले रहे भारतीय दल के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देता हूं।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप शून्य काल में अपना विषय उठाएं।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: क्वेश्चन नंबर 161

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, जब शून्य काल चले, तब अपना विषय रखें। प्रश्न काल में किसी को अलाऊ नहीं किया जाता।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री राजकुमार चाहर जी

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आपसे आग्रह है कि आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर विराजें। जब शून्य काल चलेगा तो मैं व्यवस्था देकर आपके सवाल पर इजाजत देने का प्रयास करूंगा।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, अभी प्रश्न काल चल रहा है। प्रश्न काल में मैंने एक व्यवस्था दे दी है कि प्रश्न काल में कोई भी विषय नहीं उठाएगा।

? (व्यवधान)

-